मेरे सतगुरु ना मुझको भुलाना

मेरे सतगुरु ना मुझको भुलाना,
सेवक हूँ तेरा, नहीं हूँ बेगाना

बड़े भाग्य से मिल गया साथ तेरा,
हाथों में रखना प्रभु हाथ मेरा ।
छूटे ना जब तक मेरा आना जाना,
सेवक हूँ तेरा, नहीं हूँ बेगाना ॥

स्वांसो के धागे में सुरति पिरो दे,
जन्मो की मैली यह चादर है धो दे ।
पहन कर बने मेरा जीवन सुहाना,
सेवक हूँ तेरा, नहीं हूँ बेगाना ॥

मन में मेरे ज्ञान दीपक जगा दो
अभिमान मेरा उसी में जला दो ।
टूटे भरम का प्रभु ताना बाना,
सेवक हूँ तेरा, नहीं हूँ बेगाना ॥

दर पे खड़ा हूँ मैं बन के सवाली,
जन्मो से प्रभु जी झोली है खाली ।
कृपा कर बता दो छिपा जो खजाना,
सेवक हूँ तेरा, नहीं हूँ बेगाना ॥

स्वर : स्वामी भुवनेश्वरी देवी जी महाराज

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1625/title/mere-satguru-na-mujhko-bhulana-sevah-hun-tera-nahi-hun-begana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |